>

Title: Need to set up a Seed Research Centre in Ujiyarpur parliamentary constituency, Bihar.

श्रीमती अश्वमेध देवी (उजियारपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र उजियारपुर जो कि बिहार राज्य में है और यह संसदीय क्षेत्र कृषि उपज के लिए बहुत प्रसिद्ध है। लेकिन यहाँ पर राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणित बीज, उन्नत बीज, हाईब्रिड सीड, उत्पादन का कोई रिसर्च इंस्टीटयूट नहीं है। अगर मेरे संसदीय क्षेत्र उजियारपुर(बिहार) में बीज रिसर्च केंद्र खुलता है तो यह समूचे बिहार के लिये एक गौरव की बात होगी और इससे बिहार के किसानों को बहुत फायदा होगा और बिहार के किसानों को अपनी उपज से ज्यादा फायदा होगा क्योंकि उन्नत बीज से प्रोडक्शन ज्यादा होगा इसलिए प्रति एकड़ उनका फायदा बढ़ जायेगा। इसलिए मैं सरकार से मांग करती हूं कि वह वहाँ पर यथाशीघ्र एक बीज रिसर्च केंद्र खुलवाये।